हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
10 जुलाई 2024, समय 1305

संचार मंत्रालय के अंतर्गत डाक विभाग अगले सौ दिनों में पांच हजार डाक चौपालों का आयोजन करेगा। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग की सौ दिन की कार्य योजना की समीक्षा की और सेवा वितरण में परिवर्तन और कार्यक्षमता में सुधार के विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया। मंत्रालय ने कहा है कि इस पहल के अंतर्गत डाक चौपाल ग्राम निवासियों और सरकारी पदाधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण सम्पर्क के रूप में काम करेंगी, जिससे दूरी और पहुंच संबंधी बाधाएं कम होंगी। डाक विभाग सौ दिन की इस अवधि में डाकघर निर्यात केन्द्र पोर्टल पर तीन हजार नए निर्यातक पंजीकृत करेगा, ताकि लघु निर्यातकों की सहायता करते हुए ग्रामीण निर्यात को बढावा दिया जा सके।

पंचकूला जिले के मानक्या के मिडल स्कूल में अनेक प्रकार की अनियमितताएं मिलने पर स्कूल प्रधानाचार्य भारती गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र पंचकूला के गांव मानक्या, कोट और नग्गल के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के साथ मिड डे मीलके राशन की जांच के दौरान तीन क्विंटल चावल में कीड़े लगे पाये गए। इसके ईलावा 60 किलो आटा खराब मिला और 87 किलो दूध पाउडर की प्रयोग करने की तिथि निकल चुकी थी। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान गुरमीत सिंह व सदस्यों ने इस राशन को फैंक दिया ताकि बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न हो। इस स्कूल का वाटर कूलर भी खराब मिल और शौचालय भी खराब हालत में पाए गए। कुछ नए बनाए गए शौचालय भी बदतर हालत में मिले। स्कूली बच्चों ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि उन्हें गत तीन माह से ठंडा पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। इस प्रकार की अनियमितताओं के कारण विधान सभा अध्यक्ष ने स्कूल प्रधानाचार्य को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस संबंध में विधान सभा अध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से भी बात की। शाम तक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक की ओर से भारती गुप्ता के निलंबन संबंधी आदेश जारी कर दिए गए। श्री गुप्ता ने कहा कि नौनिहालो के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा।

भिवानी के बस यार्ड में एक बस में सफ़ाई के दौरान हथियारों से भरा बैग मिला। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बैग में दो पिस्तौल, चार कारतूस और चाकू मिले हैं। बैग गुरुग्राम से आई बस में सफ़ाई करने वाले कर्मचारी को मिला। यह बस सुबह भिवानी से गुरुग्राम के लिए रवाना हुई। दोपहर बाद बस फिर से गुरुग्राम से भिवानी आई थी। यार्ड में तैनात ड्यूटी लिपिक नागेश कुमार ने बताया कि पुलिस को तुरंत सूचना दी गई और पुलिस ने हथियार क़ब्ज़े में ले कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरियाणा रोडवेज के प्रदेश भर के कर्मचारियों ने निजी बस परमिट के विरोध में 14 जुलाई को अंबाला में परिवहन मंत्री असीम गोयल के आवास का घेराव करने की घोषणा की है। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के वरिष्ठ प्रतिनिधि नरेंद्र दिनोद, सुमेर सिवाच व ओमप्रकाश ग्रेवाल ने रोहतक में जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार 262 मार्गों पर 3 हजार 658 रूट के निजी परमिट दे रही है। जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि निजी रूट परमिट को रद्द कर 10 हजार बसें सरकारी बेड़े में शामिल की जाएं। कर्मचारी नेताओं ने कहा है कि प्रदेश भर में आम जनता, विद्यार्थियों और पंचायत के माध्यम से निजी रूट परमिट के विरोध में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया है।

जल शक्ति अभियान की केंद्रीय नोडल अधिकारी सुश्री भूमिका वर्मा ने आज जिला कैथल की सिंचाई विभाग की टीम के साथ विभिन्न गांवों का दौरा किया और अभियान के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने गांव हाबड़ी में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए दो तालाबों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने गांवों में डीएसआर तकनीक के तहत लगाई गई धान का निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत की। इस विधि द्वारा लगाई गई धान में पारंपरिक तरीके से लगाई गई धान की अपेक्षा पानी की कम खपत होती है। उन्होंने गांव में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए जलघर का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल बचाने की दिशा में लोगों को जागरूक करें। विशेष रूप से महिलाओं को इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने सिंचाई विभाग कार्यालय में लगाई गई वर्षा जल संचयन प्रणाली का उद्घाटन किया तथा परिसर में पौधा रोपण भी किया। नोडल अधिकारी ने भू-जल सहेलियों से सीधा संवाद किया और उनको गांव में जल बचाने के लिए अन्य महिलाओं

को जागृत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता से अधिक जल का दोहन किया जा रहा है, उससे आने वाले समय में जल का संकट पैदा हो सकता है। हम सबको मिलकर जल बचाने व वर्षा के पानी को संचित करने के लिए और अधिक मजबूती से कार्य करना होगा।